जैव विविधता संबंधित बिंदुओं पर चर्चा

सम्मेलन में मौजूद पदाधिकारी व अन्य.

अररिया. जैव विविधता प्रबंधन समितियों की ऑनलाइन सम्मेलन अररिया जिला अंतर्गत वन संसाधन केंद्र करियात में आयोजित किया गया. इसमें प्रखंड व जिलास्तर के जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्यगण, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, अररिया अनुमंडल के जीविका दीदी व फारबिसगंज वन प्रक्षेत्र के सभी वनकर्मी उपस्थित रहे. जैव विविधता समिति का ऑनलाइन सम्मेलन अरण्य भवन पटना से अध्यक्षता बिहार पर्यावरण वन व जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ प्रेम कुमार बिहार सरकार द्वारा की गयी. इसमें पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बिहार के सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व सभी पदाधिकारी उपस्थित थे. ऑनलाइन सम्मेलन में जैव विविधता से संबंधित बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया. साथ ही जैव विविधता से होने वाले विभिन्न कार्यों व चल रहे कार्यों का शत प्रतिशत उपलब्धि की समीक्षा की गयी.